
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 27.09.2021 से 02.10.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ‘खेलो इंडिया गेम’ की तैयारियों की समीक्षा बैठक

(दिनांक 27.09.2021)

**विषय: ‘खेलो इंडिया गेम’ की तैयारियों की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में होने जा रहे खेलो इंडिया गेम की तैयारियों की समीक्षा की। जिसमें खेल मंत्री श्री संदीप सिंह जी और विभाग के अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। उक्त मीटिंग में माननीय मुख्यमंत्री जी ने खेलों की तैयारियों से जुड़े कार्यों को जल्द पूरा करने और व्यापक रूप से इसके प्रचार–प्रसार पर ध्यान देने के लिए कहा। जिसके तहत इसके शुरूआती समारोह को भव्यता देने के लिए योजना बनाने को भी कहा गया।

## वाल्मीकि और अग्रवाल समाज प्रतिनिधि मंडल से भेंट

(दिनांक 27.09.2021)

**विषय: वाल्मीकि और अग्रवाल समाज प्रतिनिधि मंडल से भेंट।**

**प्रभाव:** आज वाल्मीकि समाज और अग्रवाल सामज का प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री जी से चण्डीगढ़ उनके आवास पर मिला और उन्हें राज्यस्तरीय वाल्मीकि जयंती समारोह और अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आग्रह किया।



## कौशल रोजगार निगम की बैठक


(दिनांक 27.09.2021)



**विषय: कौशल रोजगार निगम की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा कौशल राजे गार निगम की बैठक ली इस निगम का गठन ठेका प्रथा को बंद कर आउटसोर्सिंग के सभी कर्मचारियों को इस निगम के माध्यम से लगाने के लिए किया गया है जिसमें निर्णय लिया गया कि :–

- आगे से आउटसोर्सिंग पॉलिसी 1 व 2 के तहत कोई



# साप्ताहिक सूचना पत्र

भर्ती नहीं की जाएगी, सभी भर्तियां निगम के माध्यम से ही की जाऐंगी।

- कौशल रोजगार निगम अपना एक पोर्टल लांच करेगा जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है । इसमें उम्र की सीमा लागू रहेगी। जो 21 से 47 वर्ष तक होगी।
- यह पोर्टल 1 नवंबर से शुरू कर दिया जाएगा।
- कौशल रोजगार निगम हर व्यक्ति का आंकलन करेगा जिसके लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। यह अंक उम्र, बी.पी.एल परिवार, परिवार में किसी अन्य सदस्य के पास कोई नौकरी नहीं होना, योग्यता आदि के आधार पर दिए जाएंगे।
- सभी नियुक्त व्यक्तियों का पी.एफ और ई.पी.एफ अकाउंट खोला जाएगा।
- निगम नौकरी पाने वाले व्यक्ति का कौशल प्रशिक्षण भी करवाएगा जिससे कार्य की गुणवत्ता बेहतर हो सके।

इस रोजगार निगम से न केवल ठेका प्रथा की समाप्ति होगी बल्कि आउटसोर्सिंग के तहत लगने वाले व्यक्तियों की नियुक्ति में पारदर्शिता भी आएगी और मेरिट के आधार पर उनका चयन होगा। जिससे इस संबंध में मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों पर भी अंकुश लगेगा।

## बाजरा खरीद के संबंध में बैठक

(दिनांक 28.09.2021)


**विषय: बाजरा खरीद के संबंध में बैठक।**



**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने बाजरा खरीद के संबंध अहम बैठक ली जिसमें आने वाले सीजन में बाजरे की खरीद को लेकर महत्वपर्णू निर्णय लिए गए। जिसके तहत :–

- बाजरे को भी अब 'भावांतर भरपाई योजना' में शामिल किया गया।
- इसके तहत बाजरे के औसत भाव व एम.एस.पी के अंतर को भावांतर मानते हुए 600 प्रति किवंटल भावांतर दिया जाएगा।
- इस योजना का लाभ लेने के लिए किसान को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

इस योजना के लागू होने के बाद अन्य राज्यों से आने वाले बाजरे की खेप रूकेगी जिसका सीधा फायदा हरियाणा के किसानों को होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## MLA से मुलाकात।

(दिनांक 28.09.2021)

**विषय: 'आस' ऑटो अपील पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हल्कों के विधायकों से मुलाकात कर हल्के की जानकारी ली और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

## पंचकूला में एडवेंचर स्पोटर्स की शुरूआत

(दिनांक 29.09.2021)



**विषय: पंचकूला में एडवेंचर स्पोटर्स की शुरूआत।**

**प्रभाव:** अमाननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकूला के मोरनी में एडवेंचर स्पोटर्स की शुरूआत की जिसमें जेट वॉटर स्कूटर, पैराग्लाइडिंग, पैरासेलिंग आदि शामिल है। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला के रेड बिशप टूरिज्म काम्पलेक्स में एक टूरिस्ट केन्द्र की भी स्थापना की जहां से कोई भी व्यक्ति पर्यटन और पर्यटन स्थल के संबंध में जानकारी ले सकता है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि हरियाणा की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और लोगों को हरियाणा की संस्कृति को जानने और उससे रूबरू होने का अवसर भी मिलेगा।


## टिकरी बार्डर पर रास्ता खुलवाने के लिए ग्रामीणों की मुलाकात

(दिनांक 30.09.2021)



**विषय: टिकरी बार्डर पर रास्ता खुलवाने के लिए ग्रामीणों की मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज 20 से ज्यादा गांवों के लोग टिकरी बार्डर पर रास्ता खुलवाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से मिले और किसान आंदोलन के कारण बंद रास्ते को खुलवाने का आग्रह किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी कठिनाईयों को बताते हुए कहा कि न तो ग्रामीण अस्पताल जा सकते हैं न ही अपना धंधा–पानी चला पा रहे हैं और आए दिन आंदोलन में बैठे लोग शराब पीकर ग्रामीणों के साथ मार–पिटाई करते हैं।

## पर्वतारोहियों के दल से मुलाकात

(दिनांक 30.09.2021)



**विषय: पर्वतारोहियों के दल से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकारी स्कूलों के पर्वतारोहियों के दल से मुलाकात की जो माउंट यूनाम पर चढ़ाई करने जा रहे हैं। यह चोटी लगभग 6111 मीटर ऊंची है जो इस दल के लिए अब तक की सबसे ऊंची चढ़ाई होगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और साथ ही आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाए जा रहे अमृतोत्सव पर 75 मीटर लंबा तिरंगा झंडा दिया जिसे बच्चे माउंट यूनाम पर फहराकर रिकार्ड बनाएंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला राज्य है जिसके सरकारी स्कूल के बच्चे इस तरह की साहसहिक गतिविधियों में भाग लेते हैं और मुझे खूशी है कि इस दल में कई दिव्यागं बच्चे भी शामिल हैं जिनका इस तरह की चढ़ाई पर जाना अपने आप में एक रिकार्ड है।


## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा

(दिनांक 30.09.2021)



**विषय: मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने MMAPUY योजना की समीक्षा की। इस योजना के तहत जिन परिवारों की आय 1 लाखा रूप्ये सालाना से कम है उनकी आय 1 लाख रूप्ये या उससे अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत अभी तक ऐसे कुल 49950 परिवारों की पहचान की जा चुकी है जिनकी आय 1 लाख रूप्ये



# साप्ताहिक सूचना पत्र

से कम है और इनमें से 19 हजार परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कार्यवाही शुरू की जा चुकी है और बाकि परिवारों पर भी कार्य किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जल्द से जल्द सभी परिवारों को योजना का लाभ देने और इसके क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए।

## BJP युवा मोर्चा के साथ बैठक

(दिनांक 01.10.2021)



**विषय: BJP युवा मोर्चा के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर एक विशेष कार्यक्रम के तहत BJP युवा मोर्चा के सभी प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी युवाओं को समाज में आदर्श स्थापित करने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने और सरकारी योजनाओं को जन–2 तक पहुंचाने के लिए कार्य करने का आवहान किया।

इस कार्यक्रम के तहत BJP के विभिन्न मोर्चे और प्रकोष्ठों की बैठक समय–2 पर माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ होनी है। जिसकी शुरूआत आज युवा मोर्चे से भेंट के साथ हुई। यह कार्यक्रम 26 अक्तूबर 2021 तक चलेगा जिसका स्थान मुख्यमंत्री निवास चण्डीगढ होगा।

## गांधी जी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती


(दिनांक 02.10.2021)



**विषय: गांधी जी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजली दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी को अपने–2 जीवन में इन महापुरूषों को आदर्श मानकर उनकी दी गई सीख को अपनाना चाहिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'सेवा से सम्पर्ण' कार्यक्रम देहरादून

(दिनांक 02.10.2021)



**विषय: 'सेवा से सम्पर्ण' कार्यक्रम देहरादून।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य के रूप मे ं मनाए जा रहे सेवा से सम्पर्ण कार्यक्रम के तहत देहरादनू में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादरू शास्त्री जी को याद किया साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

## केन्द्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे जी से मुलाकात

(दिनांक 02.10.2021)



**विषय: केन्द्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे जी से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने धान की खरीद के संबंध में केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री श्री अश्वनी कुमार चौबे जी से मुलाकात कर धान की खरीद को शुरू करने का आग्रह किया जिसे उन्होंने मान लिया।

अब हरियाणा में 3 अक्तूबर से धान की खरीद शुरू की जा सकेगी जो पहले 11 अक्तूबर से होना निर्धारित की गई थी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला जी और कृषि मंत्री जे.पी. दलाल जी भी मौजूद रहे।